फर्द अहकाम

श्रवण बनाम राजस्थान सरकार व वगै0

प्रार्थना पत्र संख्याः 46/2020

दिनांक	आज्ञा विस्तृत रूप से	विशेष विवरण
8.07.2024	प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 को पेश है। प्रार्थी ने निवेदन किया कि प्रार्थी ग्राम रामपुरा, तहसील सांगानेर जिला जयपुर स्थित खसरा नम्बर 7/689/1 रकबा 0.15 हैक्टेयर है, जो कि गत रकबा से 0.12 हैक्टेयर कम है, को शुद्ध कर भू–राजस्व रिकॉर्ड में सही रकबा 0.27 हैक्टयर का इन्द्राज करने के आदेश अप्रार्थी तहसीलदार तहसील सांगानेर जिला जयपुर को फरमाया जावे। प्रार्थना पत्र दर्ज किया जाकर अप्रार्थीगण को रजिस्टर नोटिस जारी किये गये। उभयपक्षकारान उपस्थित। अप्रार्थीगण की ओर से जवाब प्रार्थना पत्र पेश किया जो पत्रावली में शामिल मिसल है। पत्रावली में बहस उभयपक्षकारान सुनी गयी। बहस उभयपक्षकारान पर मनन किया एवं प्रार्थना पत्र का अवलोकन करने पर प्रार्थीगण ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत 136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 मे निहित खसरा नम्बर 7/689/1 रकबा 0.15 हैक्टेयर है जो गत रकबा से 0.12 कम है की शुद्ध कर रिकार्ड में रकबा 0.27 हैक्टेयर करने हेतु अनुतोष चाहा गया है प्रार्थीगण ने खसरा नम्बर 6/712 किससे बना है। प्रार्थीगण ने प्रस्तुत मिलान क्षेत्रफल जिससे यह साबित नही होता कि खसरा नम्बर 6/712 किस खसरा से बना है तथा 6/712 से क्यों 0.12 ऐयर कम व खसरा नम्बर 7/689 मे अधिक रकबा किया जाने मे प्रार्थीगण साबित करने में विफल रहा है। अतः प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 खारिज किया जाता है। पत्रावली नम्बर से कम होकर वाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। निर्णय आज दिनांक 08.07.2024 को सुनाया गया। उपखण्ड अधिकारी जयपुर द्वितीय (सांगानेर)	

Signature Not Verified

Digitally signed by Himmat Singh
Date: 2024.09.06 15:37:03 IST
Reason: SelfAttested